Helpline 1064 94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- जालोर में कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर का रीडर (सहायक प्रशासनिक अधिकारी), होमगार्ड एवं एक प्राइवेट व्यक्ति 25,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, 07.08.2025 गुरूवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये विरेन्द्र कुमार नाग रीडर कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर जिला जालोर जगदीश सिंह (उपखण्ड कार्यालय में कार्यरत होमगार्ड) एवं श्री दिनेश (प्राईवेट व्यक्ति) को 25,000/– रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

**भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव** ने बताया कि ए.सी.बी. जालोर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी से आरोपी विरेन्द्र कुमार नाग रीडर (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर जिला जालोर द्वारा परिवादी के उपखण्ड कार्यालय में विचाराधीन अपील में विपक्षीगण को नोटिस जारी करने की एवज में 1,00,000 रूपये रिश्वत राशि की मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर जोधपुर रेंज के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री भुवन भूषण यादव** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. चौकी जालोर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री मांगीलाल राठौड़** के द्वारा आज मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपीगण विरेन्द्र कुमार नाग रीडर (सहायक प्रशासनिक अधिकारी) कार्यालय उपखण्ड अधिकारी आहोर जिला जालोर द्वारा परिवादी से 25,000/– रूपये प्राप्त कर कार्यालय में कार्यरत जगदीश सिंह होमगार्ड को दिये जिसने उक्त रिश्वत राशि दिनेश कुमार (प्राइवेट व्यक्ति) जो कार्यालय के बाहर नाश्ता केबिन संचालित करता है को पकड़ाये, उक्त रिश्वत राशि पच्चीस हजार रूपये बरामद कर उपरोक्त तीनों आरोपीगण को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।